## गागर में सागर

### लोकेसाई में बनेगा स्वास्थ्य उपकेंद्र, सांसद-विधायक ने किया शिलान्यास



**चाईबासा।** नोवामुंडी प्रखंड के लोकेसाई में रविवार को स्वास्थ्य उपकेंद्र के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद गीता कोड़ा एवं विधायक सोनाराम सिंकु ने किया. ग्रामीणों ने पारंपरिक ढोल नगाड़ों के साथ सांसद एवं विधायक का स्वागत किया. सांसद एवं विधायक ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. इसके पश्चात दोनों अतिथियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक की एवं उनकी समस्याओं को जाना. ग्रामीणों ने पेयजल, आवास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र मरम्मत व पुनर्निर्माण, सड़क निर्माण आदि समस्याओं को सांसद एवं विधायक के समक्ष रखा. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि समस्याओं का समाधान का हर संभव प्रयास किया जाएगा. जब भी मौका मिले समस्याओं से अवगत करायें. परस्पर संवाद से ही समस्याओं का समाधान हो सकता है.

### धनबादः मनईटांड़ छठ तालाब में मिला महिला का शव

**धनबाद।** धनसार थाना क्षेत्र के मनईटांड़ छठ तालाब में रविवार 8 अक्टूबर को 66 वर्षीय महिला का शव मिला. महिला का नाम आसमा बेगम बताया गया है. शव मिलने के बाद पूरे इलाके में खलबली मची हुई है. स्थानीय लोगो ने बताया कि महिला रविवार की सुबह 5 बजे घर से निकली थी. घर नहीं लौटी तो परिजन खोजबीन में लगे थे. दोपहर लगभग 1.30 बजे पता चला कि छठ तालाब में महिला का कपड़ा पानी के ऊपर तैर रहा हुआ है. बाद में लोग जुटे व परिजनों के साथ मिलकर शव को बाहर निकाला गया. लोगों ने बताया कि महिला नींद की दवा खाती थी. उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था. वह नसीर अहमद की पत्नी थी और परिवार सहित मनईटांड़ पाठक कॉलोनी में रहती थी, जो धनसार थाना में पड़ता है. मौके पर धनसार पुलिस पहुंची व जांच में जुट गई.

### गिरिडीहः 9 अक्टूबर से शुरू होगा सघन मिशन इंद्रधनुष, तैयारी पूरी

**गिरिडीह।** गावां प्रखण्ड में सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 का तीसरा चरण 9 अक्टूबर से शुरू होगा, जो 14 अक्टूबर तक चलेगा. इसमें प्रखंड के 394 बच्चे व 105 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण होगा. यह टीकाकरण अभियान ऐसे क्षेत्रों में चलेगा, जहां किसी भी कारण से शून्य से लेकर पांच वर्ष तक की उम्र के बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण नहीं हो पाया. उक्त जानकारी सीएचसी प्रभारी चन्द्रमोहन कुमार ने दी. सीएचसी प्रभारी चन्द्रमोहन कुमार ने पत्रकारों को बताया कि अभियान के दौरान सोमवार से शनिवार तक नियमित टीकाकरण किया जायेगा. सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के दो चरण प्रथम चरण माह अगस्त व द्वितीय चरण माह सितंबर में पूर्ण कर लिए गए हैं. उन्होंने बताया कि भारत सरकार सभी बच्चों व गर्भवती महिलाओं को 11 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए टीके उपलब्ध कराती है. स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षित टीकाकर्मी सभी क्षेत्रों में लाभार्थी बच्चे व गर्भवती महिलाओं को उम्र के अनुसार टीके लगाते हैं. उन्होंने बताया कि ये सभी टीके सुरक्षित व गुणवत्ता पूर्ण हैं. उन्होंने लोगों अनुरोध किया है कि 11 जानलेवा बीमारियों से बचाने को अपने बच्चों को टीके अवश्य लगवाएं.

### बोकारो : उचक्कों ने बुजुर्ग महिला को जख्मी कर सोने की चेन झपटी

**बोकारो।** सेक्टर तीन सिटी पार्क के पास शनिवार देर शाम बाइक सवार दो अपराधियों ने 65 वर्षीय महिला को जख्मी कर सोने की चेन झपटकर फरार हो गये. बुजुर्ग महिला की पहचान बीएसएल अधिकारी जितेंद्र कुमार की मां शांति देवी हैं. जितेंद्र कुमार बीएसएल प्रोजेक्ट विभाग में एजीएम के पद पर कार्यरत हैं. घटना की सूचना पर सिटी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. पीड़ित महिला से पूछताछ कर जांच में जुट गयी है. इधर घटना के बाद बोकारो स्टील प्लांट ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष एके सिंह भी मौके पर पहुंचे. उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए घटना की निंदा की. घटना के संबंध में बताया जाता है कि शांति देवी शनिवार शाम रिश्तेदार के घर जिउतिया का प्रसाद देने जा रही थी. गाड़ी से उतरकर घर के अंदर घुस रही थी. तभी बाइक सवार अपराधी पीछे से उनका गला दबोच कर नीचे गिरा दिया और सोने का चेन छीनकर फरार हो गये. बुजुर्ग महिला नाली में गिरकर जख्मी हो गयी है. महिला की चीख सुनकर रिश्तेदार घर से बाहर निकले. तब तक बदमाश वहां से भाग गये थे. सोने के चेन की संभावित कीमत तीन लाख बतायी जा रही है.

### चौपारण प्रखंड मैदान में जेबीकेएसएस की बदलाव संकल्प महासभा में उमड़ा जनसैलाब

# आज नहीं जागे तो सब लूट जायेगा : जयराम






**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** स्थानीय नीति सहित विभिन्न मुद्दे पर चौपारण प्रखंड मैदान में आयोजित झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बदलाव संकल्प सभा में जनसैलाव उमड़ पड़ा. पचास हजार से भी अधिक लोगो ने सभा के मुख्य अतिथि टाइगर जयराम महतो, युवा इंकलाबी नेता संजय मेहता और भुनेश्वर यादव को सुना. उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए जयराम महतो ने कहा कि दो दशकों के बाद भी झारखंड में झारखंडियों के लिए खतियान आधारित नियोजन नीति व पुनर्वास नीति नही बनना झारखंडियों के लिए चिंता का विषय है. 60ः 40 नियोजन नीति झारखंडी जनमानस को स्वीकार्य नहीं है. जमीनों की लूट चरम पर है. ऐसे में सभी झारखंड वासियों को एकजुट होकर यह लड़ाई लड़नी होगी. इंकलाबी युवा नेता संजय मेहता ने कहा कि झारखंड में अफसर और नेताओ ने झारखंड को लूटा है और लूट रहे हैं. हमारे लोग ही जमीन पर किरायेदार बन गए हैं. जनप्रतिनिधि ही हमारे शोषक बन गए हैं. जो नेता हमारी माटी से नहीं हैं उन्हें मिट्टी से दर्द नहीं है और जो माटी के नेता हैं वे व्यापारी बन गए हैं. एक एक झारखंडी को जगाना होगा. यह इंकलाब का दौर है जिसमे सबको भागीदार बनना ही होगा. भुनेश्वर यादव ने कहा कि झारखंड में एक बहुत बड़े बदलाव की जरूरत है. इसके लिए हम सबों को तैयार रहना होगा. झारखंड के लिए यह आंदोलन बदलाव का एक दौर है. यह आंदोलन एक उम्मीद का आंदोलन है। पूरे झारखंड में जनजागृति पैदा हो चुकी है. सभा में झारखंड के सभी 81 विधानसभा और 14 लोकसभा सीटों पर स्थानीय झारखंडी को सांसद और विधायक बनाने की अपील किया गया. आम सभा में बरही विधानसभा के विभिन्न पंचायतों से लोग पहुंचे थे.

## धनबाद : तेज आवाज के साथ धरती फटी, गोफ में समा गए तीन घर



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के जोगता 11 नंबर में फिर एक बार तेज आवाज के साथ भूधंसान की घटना घटी है. भू-धंसान के कारण बने गोफ में तीन घर जमींदोज हो गए हैं. घर में रखा सारा सामान जमीन के अंदर समा गया. आसपास के करीब आधा दर्जन घर भी चपेट में आ गए हैं. घरों में दरारें और दीवारें फट गई हैं. बचे हुए सामानों को किसी तरह सुरक्षित बचाने की लोग जद्दोजहद कर रहे हैं. बीसीसीएल के प्रति लोगों में आक्रोश है. धनबाद के बीसीसीएल अग्निप्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की जिंदगी पर खतरा बरकरार है. जोगता थाना क्षेत्र के जोगता 11 नंबर हरिजन बस्ती में एक बार फिर तेज आवाज के साथ भयावह गोफ बन गया है. गोफ में 3 घर जमींदोज हो चुके हैं. घर के समान पाताल में समा गए हैं. गोफ से जहरीली गैस का रिसाव लगातार हो रहा है. गांव? में अफरा-तफरी का माहौल हो गया है. लोग घरों से सामान निकालने में जुटे हुए हैं.इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में बीसीसीएल के प्रति भारी आक्रोश देखा जा रहा है. ग्रामीणों ने कनकनी आउटसोर्सिंग का परिवहन कार्य रोक दिया है. वहीं घटना के बाद कोई बीसीसीएल अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है. बता दें कि इस इलाके में दो महीने के अंदर भूधंसान की कई घटनाएं हो चुकी हैं. एक मंदिर समेत कुछ घर जमींदोज हो गए थे. घटना में कुछ लोग घायल भी हुए थे. जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था. घटना को लेकर बस्ती के लोगों में दहशत है. इसके साथ ही बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश भी देखा जा रहा है.

### झामुमो व भाजपा के दर्जनों समर्थकों ने मासस का दामन थामा

**धनबाद।** स्टेशन रोड मुगमा में रविवार 8 अक्टूबर को मासस ने मिलन समारोह का आयोजन किया. समारोह में ललित पासवान के नेतृत्व में झामुमो व भाजपा को छोड़कर दर्जनों लोगों ने मासस का दामन थामा. समारोह में पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने सभी को पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया. पार्टी में ललित पासवान, महेश पासवान, विनीत पासवान, उमेश पासवान, बिहारी पासवान, शिव प्रसाद पासवान, मोहम्मद मुस्तफा, नवीन आमबसता, सुरजो देव सोरेन, शंकर ठाकुर, छोटू पासवान, आकाश बाग, बिन्नी पासवान, उमाशंकर पासवान, राजन यादव, जगन्नाथ, अलाउद्दीन, अशोक विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, अशोक पासवान, छोटू पासवान, प्रमोद राय, जितेंद्र राय, स्वरूप सोरेन, राजा सम्राट, अशोक मुर्मू, राजकुमार सिंह, शिशु कुमार, राजेश रवानी, गोमती मुर्मू आदि शामिल हुए. मौके पर रामजी यादव, रोशन मिश्रा, नांटू गोस्वामी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

## ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** निरसा बाजार मुख्य चौक जीटी रोड पर रविवार 8 अक्टूबर सुबह ट्रक की चपेट में आकर 50 वर्षीय महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. हर दिन की तरह बाजार चौक सड़क पर पूरी तरह से जाम की स्थिति बनी हुई थी. निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत भुरकुंडाबाड़ी निवासी महिला धनबाद से चिरकुंडा की तरफ जा रही थी. वह सड़क पार कर रही ती, तभी ट्रक की चपेट में आ गई. पिछला चक्का उसके शरीर पर चढ़ गया वघटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई. शव के टुकड़े में बंटकर इधर-उधर बिखर गया था. घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई. सूचना निरसा पुलिस को दी गई. पहुंचे निरसा पुलिस की टीम ने शव को बहुत मुश्किल से एक जगह समेट कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. शव सड़क पर पड़े रहने के कारण यातायात घंटों बाधित रहा. कोलकाता लेन पूरी तरह जाम रहने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गयी. पुलिस के पहुंचने व शव को हटाये जाने के बाद ही यातायात सुचारू रूप से प्रारंभ हुआ.

## पुलिस ने लूटकांड के आरोपी के घरों पर चिपकाया इश्तिहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह ।** लोकाय नयनपुर थाना की पुलिस ने बिहार के गरही पुलिस के सहयोग से 8 अक्टूबर को लूटकांड के पुराने मामले के आरोपित के घरों पर इश्तिहार चिपकाया है. मालूम हो कि लोकाय थाना कांड संख्या 5/2020 धारा 395/397 भा.द.वि व 27 शस्त्र अधिनियम के अप्राथमिक अभियुक्त बिहार के गरही थाना अंतर्गत चंदरबर निवासी संजय साव, पिता जयप्रकाश साव व महेगरो गांव निवासी दया उर्फ.देवा रविदास पिता भुनेश्वर दास के घर पर थाना सिंहडीह ओपी प्रभारी उदित बेदिया के नेतृत्व में इश्तिहार चिपकाया गया. इसमें आरोपितों को अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया गया है. बताया गया कि बिहार के चंद्रावर निवासी संजय साव व देवा रविदास पर लूट के आरोप हैं. इन दोनों के विरुद्ध वर्ष 2020 में लोकाय थाने में प्राथमिक दर्ज की गई थी. इसके बाद से ही इन दोनों की गिरफ्तारी को पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी. अब न्यायालय के आदेश पर दोनों के घर के मुख्य दरवाजे सहित चौक झ्र चौराहों पर इश्तिहार चिपकाया गया. दोनों आरोपी कोर्ट में हाजिर नहीं होते हैं तो आगे की कार्यवाई की जाएगी.

### गिरिडीह : कोर्ट में पेशी के दौरान भागा कैदी पकड़ा गया

**गिरिडीह।** गिरिडीह कोर्ट में पेशी के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के क्रम में 8 अक्टूबर को एक आरोपी कोर्ट कैंपस के बाहर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया. हालांकि नगर थाना के जवानों ने उसे दौड़ा कर शहर के कुरैशी मुहल्ला के पास से पकड़ने में पकड़ कर दुबारा उसे नगर थाना से कोर्ट फिर कोर्ट से जेल भेज दिया. जानकारी के अनुसार कोर्ट गेट से पुलिस कस्टडी से फरार हुआ अपराधी गोपी डोम बताया जा रहा है. वह नगर थाना इलाके के ऑफिसर्स का रहने वाला है. आरोपी गोपी डोम को छेड़छाड़ के मामले में नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था. आज उसे मेडिकल कराने के बाद जेल भेजने की तैयारी की जा रही थी कि गोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया. उसे भागते देख पुलिस जवान भी उसे पकड़ने के लिए दौड़े. शहर के कई गली से होते हुए उसे कुरैशी मौहल्ला के पास पकड़ लिया और जेल भेज दिया.

## हाइटेंशन तार की चपेट में आने से बच्चे की मौत, लोगों ने किया सड़क जाम



**चाईबासा।** खुटपानी प्रखंड के होरलोल गांव निवासी अश्विन बानरा के 12 वर्षीय पुत्र श्यामलाल बानरा की 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आने से मौत हो गई. यह घटना रविवार दोपहर की है. बिजली विभाग को सूचना देने के बावजूद भी लाइन नहीं काटा गया. जिसके कारण बच्चे की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. घटना के विरोध में ग्रामीण भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश पुरी के नेतृत्व सड़क पर उतर आये और सरायकेला-चाईबासा मुख्य मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया. शाम 4 बजे से शुरू हुआ सड़क जाम रात तक जारी रहा. परिजन मुआवजा और सरकारी नौकरी देने का मांग पर अड़े हुए थे. मृत बच्चे के पिता अश्विन बानरा ने कहा कि लगातार इस क्षेत्र में दुर्घटना होते रहती है. बिजली विभाग को सूचना देने के बावजूद भी लाइन नहीं काटी गई, जिस कारण उनके बेटे की जान चली गई. जब तक सरकार मुआवजा नहीं देती है तब तक वे लोग सड़क पर रहेंगे. इधर, स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि 20 लाख रुपये मुआवजा और पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिलनी चाहिए. सड़क जाम के कारण सरायकेला-चाईबासा मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी. इधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन लोग अपनी मांगो पर अड़े थे.

**दिए निर्देश** | जनसुनवाई में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सुनी लोगों की समस्याएं

# अपने स्तर से समस्याओं का किया निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता**

जमशेदपुर। कांग्रेस की ओर से रविवार शाम बहरागोड़ा में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया. नेताजी शिशु उद्यान परिसर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए और लोगों की समस्याएं सुनी. कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को ऑन द स्पॉट समस्या का निदान करने का निर्देश दिया. सर्वप्रथम शिशु उद्यान स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर मंत्री ने माल्यार्पण किया इसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. इस जनसुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी-अपनी समस्या लेकर मंत्री बन्ना गुप्ता के पास पहुंचे. मंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनी और उसके निष्पादन को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए. साथ ही अपने स्तर से भी कई समस्याओं का निष्पादन किया. इस मौके पर बहरागोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उत्पल मुर्मू, अंचल अधिकारी भोला शंकर महतो, पुलिस निरीक्षक तरुण कुमार, थाना प्रभारी संतन तिवारी, 20 सूत्री अध्यक्ष असित मिश्रा, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण सदस्य आदित्य प्रधान, कांग्रेस के जिला कमेटी सदस्य तापस महापात्र, प्रखंड अध्यक्ष विमल बारिक, निखिल करण आदि उपस्थित थे.

### जिले के सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तीकरण शिविर का आयोजन

# 3 करोड़ 34 लाख 74 हजार 730 रुपए की परिसंपत्ति का हुआ वितरण




**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के निर्देश पर रविवार 8 अक्टूबर को विधिक सशक्तीकरण सह जागरुकता शिविर का आयोजन जिले के सभी प्रखंडों में किया गया. गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय में आयोजित मेगा एंपावरमेंट कैंप में लोगों को संबोधित करते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रशासनिक निष्क्रियता के प्रति हित प्रहरी के रूप में कार्य करता है. सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक सुगमता से पहुंचाना शिविर का मुख्य उद्देश्य है. प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी एस एस तिर्की ने कहा कि सुदूर ग्रामीण इलाकों में रह रहे लोगों को त्वरित न्याय कैसे प्राप्त हो, इस बारे में जागरुकता के लिए डालसा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता रहा है. लीगल एड डिफेंस कांउसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने कहा कि विधिक जागरुकता शिविर के माध्यम से धनबाद जिले के सभी गांवों तक पहुंचने का लक्ष्य है. प्रयास है कि ग्रामीण जनता तक सुलभ एवं त्वरित न्याय पहुंचाया जा सके. वहीं मीडिया से बातचीत में न्यायाधीश श्रीमती बारला ने कहा कि जिले के सभी 10 प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी, न्यायिक पदाधिकारी द्वारा विधिक सशक्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया. उन्होंने बताया कि रविवार को विभिन्न ब्लॉकों में अवर न्यायाधीश सत्यभामा, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी,एस एस तिर्की, विशाल माझी, सुभाष बाडा, जेनिस मिंज आदि मौजूद थे।

## गागर में सागर

### कोडरमा : धर्मसभा में शामिल होने के लिए विहिप के कार्यकर्ता रांची रवाना



**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड के विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता रांची रवाना हुए. रांची के धुर्वा मैदान में आयोजित धर्मसभा का आयोजन किया गया है. बता दें कि 8 अक्टूबर रविवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा धर्मसभा का आयोजन किया गया है. जयनगर प्रखंड विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष विनोद कुमार बरनवाल के नेतृत्व में दर्जनों हिंदू रांची के लिए रवाना हुए. इन लोगों ने धर्म, समाज, संस्कृति की रक्षा का संकल्प लिया. मौके पर विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड मंत्री सदानंद सिंह, उपाध्यक्ष सतीश पांडेय, जिला धर्म जागरण संयोजक मुकेश राणा, सत्संग प्रमुख दिगंबर शास्त्री, पप्पू पांडेय, सीताराम पांडेय, महेश पांडेय, राजेंद्र सिंह, टेक नारायण विजय सिंह, भगवान स्वर्णकार, रामटहल स्वर्णकार, दिनेश सिंह, दिवाकर पांडेय, महादेव राम, अशोक गुप्ता, सुरेश सिंह, वासुदेव पांडेय, विपिन कुमार, मुरली राम बैसखियार, विनय साव सहित सैकड़ों महिला-पुरूष मौजूद थे.

### 12 अक्टूबर को हाहाकार रैली निकालेंगे ढिबरा मजदूर

**कोडरमा।** ढिबरा मजदूर 12 अक्टूबर को हाहाकार रैली निकाल डीसी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगे. इस रैली का आयोजन माइका वर्कर्स यूनियन करेगा. माइका वर्कर्स यूनियन के संयोजक महेंद्र तुरी तथा सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विगत 17 जनवरी को ही ढिबरा खरीदारी के काम का उद्घाटन कर चुके हैं. मगर खान एवं भूतत्व विभाग तथा जेएसएमडीसी के अधिकारियों की सुस्ती के कारण स्थिति ज्यों कि त्यों बनी हुई है. त्योहार भी नजदीक आ गये हैं, लेकिन मजदूरों का चूल्हा ठंडा पड़ा है. अब मजदूरों के लिए आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है. ढ़िबरा की खरीदारी जल्द शुरू नहीं हुई तो मजदूरों के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी.

### डोमचांच के टैक्सी स्टैंड में 1981 से सज रहा मां का दरबार

**कोडरमा।** डोमचांच नगर पंचायत स्थित टैक्सी स्टैंड में 1981 से लगातार दुर्गा पूजा का आयोजन हो रहा है. जिसकी शुरूआत व्यवसायी किशोर अग्रवाल ने अपने निजी खर्चे से की थी. पंडाल बनवाकर विधि विधान से पूजा की शुरूआत की गई थी. 1995 से डोमचांच के लोगों ने यहां सार्वजनिक रूप से पूजा-अर्चना शुरू की और आज लगभग 42 वर्ष से यहां पूजा-अर्चना होते जा रही है. इस बार पंडाल को अत्यधिक आकर्षित और अलग रूप देने का प्रयास किया जा रहा है. इस बार पंडाल को दक्षिण भारत के एक मंदिर का स्वरूप देने की तैयारी में कारीगर और मजदूर बड़े जुटे हैं. वहीं दूसरी ओर समिति के सभी सदस्य भी अपने-अपने दायित्व को निभाने में बड़े जोर से लगे हैं.

### तालाब के अंदर होगा भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी के मंदिर का निर्माण



**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड के शिवसागर तालाब के पास रविवार को एक बैठक की गई. जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता शिवनंदन कुमार शर्मा एवं संचालन अंकु गोस्वामी ने किया. उक्त बैठक में मुख्य रूप से शिवसागर तालाब के अंदर मंदिर निर्माण किए जाने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया. बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि शिवसागर तालाब के अंदर बीच तालाब में पानी में छीर सागर में शेषनाग पर लेटे हुए श्री विष्णु भगवान एवं माता लक्ष्मी का मंदिर निर्माण आपसी जन सहयोग से कराई जाएगी. इसके लिए पुनः एक आवश्यक बैठक अगले सप्ताह दिन रविवार को सुबह 8:00 बजे आयोजित की जायेगी. इसके बाद प्रचार-प्रसार कर डोमचांच के सभी ग्रामीणों द्वारा तय समय पर बैठक आयोजित की जाएगी, उन सभी के समर्थन से अग्रिम कार्रवाई करने का निर्णय लिया जाएगा. आज के बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित मनोज कुमार पांडे, सुनील रजक, रंजन कुमार सिंह, समाजसेवी बसंत मेहता, नावाडीह पंचायत के रुपणडीह मुखिया प्रतिनिधि शंकर दास, वार्ड सदस्य बच्चन दास, देव कुमार खटीक,आशुतोष नंदन रोशन कुमार गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे.

### मुफस्सिल थाना में दुर्गापूजा को लेकर सीओ की अध्यक्षता में हुई शांति समिति की बैठक

# शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाएं : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आगामी दुर्गा पूजा को लेकर मुफस्सिल थाना परिसर में रविवार को को इम्तियाज अहमद की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ बैठक में मुख्य रूप से थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार मौजूद रहे ।इसके अलावा तामड़ा ,कुल्लूकेरा,टैसेरा पंचायत के मुखिया एवं दुर्गा पूजा के सदस्य मौजूद रहे। मौके पर बताया गया कि तामड़ा में 15 तारीख से पंडाल स्थापित करते हुए पूजा होगी 24 तारीख को मूर्ति का विसर्जन होगा। इस बीच दो दिनों तक मेले का आयोजन होगा। वही बनाबिरा में बताया गया कि अष्टमी की रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ।इसके अलावा विधिवत रूप से पूजा होगी ।वहीं इसके अलावा कुलुकेरा एवं टैसेरा में शांतिपूर्ण तरीके से पूजा करने की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने सभी पूजा समितियां को समिति की सूची एवं वॉलिंटियर्स की सूची उपलब्ध कराने की बात कही। वही सीओ इम्तियाज अहमद ने आपसी भाईचारे के साथ मिलकर सभी को त्यौहार मनाने को लेकर अपील की उन्होंने कहा कि देसी शराब के विरुद्ध अभियान चला कर कार्रवाई की जाएगी ,ताकि पूजा के दौरान माहौल खराब ना हो ।इसके अलावा पुलिस द्वारा वाहन जांच किए तेज कर दी जाएगी ताकि कोई भी अपराधी गतिविधि ना हो। थाना प्रभारी ने सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। मौके पर मुख्य रूप से विनय कुमार ,बजरंग प्रसाद, अशोक गुप्ता ,राहुल मिश्रा,विकास कुमार,जितेंद्र पुरी, मुर्शिद खान,मुमताज खलीफा, सहित शांति समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### दुर्गापूजा को लेकर बानो थाना में शांति समिति की बैठक



**बानो।** बानो थाना के प्रांगण में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक बानो इंस्पेक्टर विद्या शंकर सिंह की अध्यक्षता में हुई ।बैठक में बानो प्रखण्ड के बिभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधियों, सामज सेवियों ,पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे ।बैठक में बोरोसेता ,बानो व हाटिंग होडे में आयोजित कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली गई ।चर्चा के दौरान बाहनो के रखने की बेवस्था पर चर्चा की गई ।इंस्पेक्टर बिद्या शंकर ने कहा दुर्गा पूजा शांति पूर्वक मिल जुल कर मनाएं ।साल भर में एक बार उत्सव आता है भक्ति पूर्वक मनायें ।मेला स्थल व पूजा पंडाल के आस पास किसी तरह की कोई घटना हो जानकारी दे। रावण दहन व सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान समिति द्वारा वॉलंटियर्स रखे ।ताकि मेला व पंडाल के आस पास विधि व्यवस्था सही रहे ।सप्तमी से दसमी तक रेलवे लाइन में जवानों का पहरा रखने का निर्णय लिया गया ताकि किसी तरह की दुर्घटना न हो ।जिसमें बानो पुलिस के साथ साथ आरपीएफ के जवान भी मौजूद रहेंगे ।बैठक में हाटिंगहोडे पूजा समिति के सदस्य भी उपस्थित थे । बैठक में जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना ,एस आई अक्षयवर राम ,सत्यनारायण प्रसाद , जुनास सोरेंन ,एस आई बुधराम भगत , विकास साहू ,गन्धर्व सिंह ,धाधु साहू ,मो अकरम ,फिरू बड़ाईक ,महेश सिंह ,बिकास मघइया आदि लोग उपस्थित थे।

### विभिन्न समस्याओं लेकर आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की बैठक

## 11 दिसंबर को केंद्र सरकार के खिलाफ दिल्ली में किया जाएगा विशाल प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ जिला सिमडेगा में बैठक रविवार को कन्या पाठशाला मैदान में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप प्रदेश अध्यक्ष रीमा देवी ,प्रदेश संगठन मंत्री रामचन्द्र गोप ,शशिकला देवी सरस्वती देवी, जिला मंत्री कुमुदिनी कुल्लू उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासंघ के आहवान पर दिनांक 11 दिसम्बर 2023 को केंद्र सरकार के विरुद्ध दिल्ली में विशाल प्रदर्शन किया जाएगा ।बताया गया कि 2018 के बाद से केंद्र सरकार ने आंगनबाड़ी कर्मचारियों के लिए मानदेय में बढोत्तरी नहीं किया है और महंगाई चरम पर है । पांच वर्ष में महंगाई चरम पर पहुँच गया इस दौरान सभी कर्मचारियों का डीए मे बढोत्तरी हुआ, नेताओं मंत्री का वेतन में बढोत्तरी हुआ, सिर्फ आंगनबाड़ी कर्मचारियों का शोषण हुआ। और विभाग के उच्च अधिकारी को भी तरस नहीं आता इतना कम मानदेय में हर काम को करती है और अब तो काम में भी बढोत्तरी किया गया।। विभाग का तरीका देखने लायक है। विभाग मोबाईल दिया भी नहीं और सारा काम मोबाईल से करना है ।नहीं करने पर अनेक प्रकार का प्रताड़ित किया जाता है इसी तरह केंद्र सरकार के द्वारा जनवरी से मानदेय का भुगतान नही हुआ और अधिकारियों के द्वारा कुछ बोला भी नहीं जाता ।आंगनबाड़ी कर्मचारी सचमुच बहुत परेशान है। जिनका नौ माह में मानदेय नहीं मिलता और बार बार प्रखण्ड कार्यालय बुलाया जाता है। आखिर सेविकायें कहाँ से पैसा लायेंगी। सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि भारतीय मजदूर संघ का आंगनबाड़ी के अलावा एक और संगठन सिमडेगा जिला में बनाया जायेगा ।बैठक को अंत में जिला अध्यक्ष सरस्वती देवी ने बैठक समाप्ति की घोषणा की बैठक में बोलबा, टी टांगर,जलडेगा,बानो कोलेबिरा, कुरडेग, एवं सदर प्रखण्ड के सेविका तथा सहायिका उपस्थित थी।

### ठेठईटांगर: अंबापानी चर्च में झामुमो की बैठक

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत अम्बापानी चर्च में रविवार को झामुमो जिला जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना और उनके सहयोगियों द्वारा बैठक की। जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने अम्बापानी में सम्बोधित करते हुए कहा आज आदिवासी समाज को एकजुट होने की भारी आवश्यकता है। तभी जाकर हम अपने हक और अधिकारों की रक्षा कर सकेंगे ।आज आदिवासी समाज पर चौतरफा हमला हो रहा है, अगर हम समाजिक, राजनीतिक तौर पर एकजुट और जागरूक नहीं होंगे तो आदिवासी समाज का पतन निश्चित है ।इसलिए हमें हरहाल में एकजुट होना होगा ।अम्बापानी क्षेत्र के गांवों में हाथीयों द्वारा फसल को बर्बाद किया जा रहा है ।उसको भी झामुमो नेताओं ने ने घूम -घूम कर देखा और ग्रामीणों को हर संभव सहायता करने की बात कही ।जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने झारखंड सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाएँ की भी विस्तृत जानकारी दी ।इस अवसर पर झामुमो जिला कोषाध्यक्ष नोवास केटकेट्टा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील सुरीन,झामुमो युवा मोर्चा जिला सचिव राजेश टोप्पो,मंडली चेयरमैन जुबलन होरो आदि उपस्थित थे।

### सिमडेगा: गृह रक्षा वाहिनी सिमडेगा इकाई चुनाव में सुनील टेटे बने जिला अध्यक्ष



**सिमडेगा।** सिमडेगा डाक बंगला में गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ झारखंड सिमडेगा इकाई की जिला समिति का रविवार को गठन हुआ जहां मुख्य रूप से पर्यवेक्षक के रूप से ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज मौजूद रहे। जहां पर सर्व समिति से चुनावी प्रक्रिया को संपन्न करवाते हुए जिला अध्यक्ष सुनील टेटे, जिला सचिव सुरेश कुमार मांझी,उपाध्यक्ष अजय होरो को बनाया गया वही कार्यकारी अध्यक्ष देवनारायण दास,कोषाध्यक्ष बंधु कांसी ,संगठन सचिव संजय सुनानी, कार्यालय सचिव विक्टोर खेस,महिला जिला अध्यक्ष संगीता कुमारी,जिला सचिव रीता देवी,उपाध्यक्ष रोशनी कुमारी,एवं संगठन सचिव सोनी कुमारी को बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को माला पहनकर स्वागत किया गया साथ ही सभी लोगों को संगठन मजबूत करते हुए होमगार्ड के विभिन्न समस्याओं को पूरे जोर-शोर के साथ प्रशासन और सरकार के बीच मांग रखने की बात कही गई एवं उनके हक अधिकार के लिए हमेशा लड़ाई लड़ने की बात कही ।मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अमर तिरिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष हरेराम सिंह, प्रदेश प्रदेश संगठन सचिव दिनेश कुमार यादव, एवं जुनास खेस, प्रदेश सचिव शिवा बड़ाईक,,उपसचिव सत्यनारायण बिरवा, एवं बिरसा भेंगरा, एवं भारी संख्या में महिला पुरुष जवानों एवं सुरक्षा बल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की हुई बैठक



**सिमडेगा।** झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ का जिला सह प्रखंडस्तर के पदाधिकारियों की बैठक बुनियादी विद्यालय कोलेबीरा मे जिला अध्यक्ष मनोज भगत के अध्यक्षता मे हुई। जिला महासचिव अरुण कुमार सिंह ने बैठक का प्रमुख विषय के बारे मे बतलाया जिसमे पुरानी पेंशन योजना हेतु आये हुए रथ यात्रा मे आयोजन मे आये हुए आय-व्यय का ब्यौरा,3,4,5 नवंबर को देवघर मे आयोजित राज्य स्तरीय महिला शिक्षिका सम्मेलन मे जिला की सहभागिता,शिक्षा सचिव के द्वारा निकाले गये प्रोन्नति संबंधित नया पत्र,पहले विषय पर सर्वप्रथम प्रधान सचिव ने सभी प्रखंड के अध्यक्ष सचिव एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं के प्रति सभी के सहयोग एवं सहभागिता के प्रति आभार व्यक्त करते हुये बधाई दी कि सिमडेगा जिला को जो कार्य संघीय पदाधिकारियों ने दिया उसे अच्छी तरह से निभाया ।उन्होंने कहा विभाग प्रोन्नति को उलझाकर रखना चाहती है और एक मात्र मंशा यही है कि किसी प्रकार शिक्षकों को प्रोन्नति न मिले और प्रोन्नति के आस मे जिसप्रकार से बिना प्रोन्नति पाये 2006 के बाद से सेवानिवृत्त होते जा रहे हैं उसी प्रकार एक ही वेतनमान मे शिक्षक सेवानिवृत्त होते जायें और विभाग प्रोन्नति रुपी झुनझुना को बजाते रहे ।सभी पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि राज्य के नेतृत्व को आंदोलन करने का निर्णय लेना चाहिए ताकि अपनी आवाज विभाग के पास नहीं सरकार तक पहुंचाई जा सके।

### बानो थाना प्रभारी को जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

**बानो ।** थाना में नव पदस्थापित थाना प्रभारी रंजीतकुमार महतो ,एएसआई अच्छयवर राम ,एसआई धीरज कुमार का प्रखण्ड के जनप्रतिनिधियों ने रविवार को बुके देकर तथा माला पहनाकर स्वागत किया। सभी अपने अपने परिचय दिए मौके पर थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह ने जनप्रतिनिधियों से कहा मिल कर प्रखण्ड को अपराध मुक्त प्रखण्ड बनाएंगे । आप कभी भी बेहिचक थाना से मदद ले सकते हैं ।क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई भी अपराधी गतिविधि की संदेह हो तो पुलिस को इसकी सूचना करें ।क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई भी गलत कार्य बर्दाश्त नहीं की जाएगी इसके लिए आप सभी जनप्रतिनिधि सहयोग करें ।मौके पर जिला परिषद बिरजो कंडुलना, बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, उकौली मुखिया कृपा हेमरोम आदि उपस्थित थे।

## अल्बर्ट स्टेडियम में जिला समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** राष्ट्रीय जनता दल सिमडेगा जिला अध्यक्ष दिनेश प्रसाद की अध्यक्षता में रविवार को अल्बर्ट का स्टेडियम में जिला समिति की बैठक हुई ।बैठक में जिला के प्रभारी रामकुमार सिंह मौजूद रहे। मौके पर उन्होंने सिमडेगा जिले में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने ,लाल यादव ,तेजस्वी यादव तेज प्रताप यादव के नीति सिद्धांतों को अवगत कराते हुए अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता अभियान में शामिल कर संगठन को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने का कार्य करें ताकि संगठन की नींव मजबूत होगी और आने वाले चुनाव में इसका लाभ होगा। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष एनोस कीड़ों ,नगर अध्यक्ष मनोज सिंह, चंद्रकांत मेहर विकास कुमार, सुशांत कल्लू ,राज किशोर नायक राज किशोर सिंह, सहदेव गोंड ,सुलेमान टोप्पो ,उमेश प्रसाद, राम सिंह धर्मजीत पातर आदि उपस्थित रहे।

## विकास से कोसों दूर

### कोडरमा से महज 2.5 किमी. दूर है यह गांव

# ढिबरी युग में जी रहे फुलवरिया के ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा जिला मुख्यालय से महज 2.5 किलोमीटर दूर कोडरमा नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक फुलवरिया गांव आजादी के 75 वर्षों बाद भी विकास से कोसों दूर है. जिला मुख्यालय से सटा यह गांव शहरी क्षेत्र की गिनती में आता है, मगर आज तक यहां बिजली नहीं पहुंच पाई है. यहां के लोग अंधेरे में जीवन जीने को मजबूर हैं. पेयजल, सड़क, नाली की समुचित व्यवस्था नहीं है. इस गांव में बिरहोर समुदाय सहित कुल आबादी 800 से 900 लोगों की बीच है. वन विभाग की तरफ से वर्षों पहले चार सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई है. जिसमें से एक खराब हो चुकी है. बाकी बचे तीन सोलर स्ट्रीट लाइट भी रात 12 बजे से पहले ही बंद हो जा रही है. गांव के लोगों का कहना है कि चुनाव के समय नेता तरह-तरह के वादे करके चले जाते हैं, लेकिन चुनाव के बाद कोई हमें देखने तक नहीं आता है. बिजली नहीं रहने के कारण हमारे बच्चों को पढ़ने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है. साथ ही रात के समय जंगली जानवरों का भी काफी खतरा बना रहता है. कुछ दिनों पहले अखबार कोडरमा नगर पंचायत के फुलवरिया गांव में बिजली नहीं रहने की खबर प्रमुखता से छपी थी. जिसके बाद आनन-फानन में बिजली विभाग के द्वारा फुलवरिया में ट्रांसफॉर्मर, पोल एवं तारों का जाल बिछा दिया गया, लेकिन बिजली अभी तक नहीं पहुंच पाई है.

## जलडेगा में पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों के साथ की बैठक, समस्याओं से हुए अवगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का रविवार को क्षेत्रीय समस्याओं का हाल-चाल जानने के लिए जलडेगा प्रखंड क्षेत्र में ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए उनकी सभी प्रकार की छोटी बड़ी समस्याओं को जाना। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि आज भी यहां पर आवागमन की काफी परेशानी है कच्ची सड़क होने की वजह से यहां पर बारिश के दिनों में जलमग्न हो जाती है और लोगों को बहुत दिक्कत होता है। बिजली की भारी समस्या है और कई गांव में अभी तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है। इसके अलावा कई लोगों का डबल मीटर का बिल आ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में आज भी लोग प्रधानमंत्री आवास की बाट जोह रहे हैं। सभी समस्याओं को सुनने के साथ ही पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि आपकी समस्याओं को अपनी समस्या मानते हुए दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इस समय में झारखंड पार्टी को सभी ग्रामीण लोग विकल्प के रूप में देख रही है ।क्योंकि जो राष्ट्रीय पार्टी है ,वह सिर्फ विकास के नाम पर लोगों को लड़ने की काम करती है इसलिए इस चुनाव में झारखंड पार्टी का आप सहयोग करें झारखंड पार्टी आपके लिए हमेशा खड़ी है। इस मौके पर मुख्य रूप से ललित संमद ,बाबूराम लकड़ा ,अनिल बरला अमन खेस, चिराग बाड़ा आनंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सांसद ने हजारों रामभक्तों को धर्मसभा के लिए किया विदा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** शौर्य जागरण यात्रा के संपन्न होने और 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त बजरंगदल के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर रांची में आयोजित विशाल धर्मसभा के लिए रामगढ़ जिले से हिस्सा लेने जा रहे हजारों की संख्या में पहुंचे रामभक्तों एवं माता बहनों को पटेल चौक सैनी होटल के निकट 8 अक्टूबर को हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने पुष्पवर्षा कर विदा किया। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत जिले के सभी क्षेत्रों से सैकड़ों बसों ,चारपहिया वाहन एवं मोटरसाइकल से श्रद्धालु पटेल चौक पर पूर्वाहन 11:00 बजे तक एकत्रित होना शुरू हुए। जिसका नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद बजरंग दाल के जिला मंत्री छोटू वर्मा कर रहे थे। विदाई स्थल पर सांसद के उपस्थित होने पर सभी रामभक्तों ने जय श्री राम के गगनभेदी नारों के साथ उनका स्वागत किया। साथ हीं उपस्थित महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर सांसद जयंत सिन्हा का अभिवादन किया। मौके पर सांसद जयंत सिन्हा ने उपस्थित कारसेवकों एवं रामभक्त माता बहनों को संबोधित करते हुए कहा की आप सभी को धार्मिक सभा हेतु विदा करते हुए मुझे आपार हर्ष हो रहा है साथ हीं आपकी एकजुटता और प्रण के कारण आज हम भव्य राममंदिर बनते देख पा रहे हैं। जबकि , जिला मंत्री छोटू वर्मा ने इस अवसर पर सांसद का आभार जताते हुए कहा की धर्मसभा हेतु प्रस्थान कर रहे श्रद्धालुओं का स्वागत और पुष्पवर्षा कर उनका विदा करना हम सभी के मनोबल को बढ़ाता है। साथ हीं हमें सनातन धर्म के कार्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। वहीं, सैकड़ों महिलाओं का नेतृत्व कर रही शिक्षिका सह जिला संयोजिका (मातृशक्ति) सिंधु झा ने कहा की आज हमारी एकता और बजरंगदल के कार्यकताओं के समर्पण से श्रीराम मंदिर का सपना साकार होने वाला हैं। उन्होंने कहा श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को को अयोध्या में होने जा रहा है। इसी के निमित्त आज बजरंगदल के स्थापना दिवस के अवसर पर रांची में आयोजित धर्मसभा में अयोध्या से आए साधु संतों की अमृतवाणी सुनने का हम सभी को सौभाग्य मिलने जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष झारखंड प्रदेश तिलकराज मंगलम, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत सिन्हा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह रामगढ़ विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, आनंद बेदिया, रंजन फौजी, मंत्री वसुध तिवारी, कारसेवक विजय जयसवाल, रोबिन गुप्ता, धर्मप्रसार जिला प्रमुख सह महामाया मंदिर के मुख्य पुजारी दिनेश पाठक, निवर्तमान कैंट मंडल अध्यक्ष सह वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव पामदत्त, जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, प्रवीण कुमार सोनू, उमेश प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र शर्मा, ऋषिकेश सिंह, मिथलेश मंडल, पब्बी बजरंगी, रवि वर्मा,अयोध्या वर्मा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, मणिशंकर ठाकुर, धीरज साहू, जितेंद्र साहू आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं रामभक्त मौजूद थे ।

## गागर में सागर

### रामगढ़ : रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि

**रामगढ़।** राष्ट्रीय लोजपा युवा मोर्चा झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम ने अम्बेडकर स्मारक चौक नया नगर बरकाकाना, रामगढ़ में स्वर्गीय रामविलास पासवान को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की. साथ ही पार्टी कार्यकताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की. इस मौके पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम ने कहा कि उनका मंत्र मैं उस घर में दिया जलाने चला हूं, जहां सदियों से अंधेरा है. जिसे लोग युग युग तक याद करेंगे. उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राम विलास पासवान देश के दूसरे अंबेडकर के रूप में स्थापित हैं. इस मौके पर युवा प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप कुमार, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार रवानी, युवा प्रदेश सचिव दिलीप कुमार, राष्ट्रीय लोजपा जिला अध्यक्ष शंकर कालिंदी, दिनेश ठाकुर, विकास झा, शिवा राम, सूरज कुमार, पवन कुमार, कुणाल कुमार, अमरनाथ कुमार, शम्भू कुमार, रामबीर राम, विक्रम राम, सोनू कुमार, सिकन्दर राम, संजोक कालिंदी, बबलू कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### ट्रांसफार्मर का उदघाटन

**रामगढ़ ।** कुल्ही पंचायत अंतर्गत बयांग में रविवार 3:00 बजे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह रामगढ़ के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने 63केवी के ट्रांसफार्मर का फीता काटकर विधिवत रूप से उदघाटन किया । इस मौके पर उन्होंने कहा की मुझे स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी की उनके गांव का ट्रांसफार्मर पिछले दिनों जल गया था । जिससे पढ़ने वाले बच्चों सहित ग्रामीण महिलाओं को दैनिक कार्यों में काफी दिक्कत होती है। हमेशा की तरह मैने विषय को गंभीरता पूर्वक लेते हुए विद्युत विभाग के इंजीनियर से संपर्क स्थापित कर नया ट्रांसफार्मर लगाने का आग्रह किया। जिसके बाद विद्युत विभाग ने यहां नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया । उद्घाटन के मौके पर मुख्य रूप से निवर्तमान कैंट मंडल अध्यक्ष सह वरिष्ट भाजपा नेता राजीव पमदत्त,जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव साव आदि उपस्थित रहें।

### अस्पताल में भर्ती असहाय चित्रांश से मिले अभाकाम के पदाधिकारी



**बरही ।** शेख भिखारी अस्पताल हजारीबाग में कूल्हे के ईलाज के लिए भर्ती टिटही (सिंघरावा, चौपरण) निवासी सुरेंद्र कुमार सिन्हा से रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हजारीबाग जिला इकाई के पदाधिकारियो ने मुलाकात किया. साथ ही हर संभव सहयोग करते हुए मदद का आश्वासन दिया. साथ ही उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना किया. मौके पर श्री सिन्हा और उनकी पुत्रवधू ममता सिन्हा ने अभाकाम का सदस्यता भी ग्रहण किया. विदित हो कि बीते कुछ दिन पहले श्री सिन्हा को उनके पुत्रों ने हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाकर असहाय अवस्था में छोड़कर चले गए थे. इसकी जानकारी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हजारीबाग जिला इकाई को हुई. जिलाध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से लिया और जिला इकाई की निगरानी में ईलाज प्रारंभ करवाया. पीड़ित से मिलने वालों में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई हजारीबाग के अध्यक्ष शअरुण प्रभात सिंहा, कार्यकारी अध्यक्ष श्री बृजमोहन प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष संजय सिंहा, जिला संगठन मंत्री श्री अजय कुमार अंबषटा, संयोजक श्री अनूप कुमार सिंहा, समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रुपेश बिहारी लाला, उपाध्यक्ष संजय सिंहा, महामंत्री आशीष सिंहा, जिला महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंहा, महामंत्री श्रीमती रश्मि लाला एवं श्रीमती मोहित सिन्हा शामिल थे.

### अमन राज ने नीट परीक्षा में सफलता का लहराया परचम,लोगों में हर्ष

**बरकट्ठा।** मन में जज्बा हो तो मंजिल दूर नहीं होती₹ कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है, बरकट्ठा निवासी अमन राज पिता संजय कुमार ने। जिन्होंने ने अपने प्रथम प्रयास में नीट परीक्षा 2023 में एयर रैंक 7424 ओबीसी रैंक 2712 और झारखंड रैंक में 13 वां स्थान हासिल किया। उसे ग्रांट मेडिकल कॉलेज मुंबई में अध्ययन के लिए दाखिला मिला। अपने पुत्र की कामयाबी पर दुर्गा नर्सिंग होम के संचालक संजय कुमार ने बताया कि अमन राज बचपन से ही पढ़ाई लिखाई में लग्नशील रहा है ।उसे अपने सेवा निवृत्त पंचायत सेवक दादा टिकन नायक से हमेशा गाइडलाइंस मिलती रही। वहीं अमन राज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और दादा टिकन नायक समेत गुरुजनों को दिया है। अमन राज के सफलता पर प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव,सांसद प्रतिनिधि केदार साव, शिक्षक छत्रु प्रसाद, महादेव नायक, महेश चंद्रवंशी,पिताम्बर नायक, गोविंद नायक, अजय कुमार गुप्ता, शंभू यादव आदि थे।

### कीचड़ में तब्दील हुआ मासीपीढ़ी का मुख्य मार्ग राहगीरों को परेशानी

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कपका पंचायत अंतर्गत मासीपीढ़ी गांव का मुख्य मार्ग बारिश के कारण कीचड़ में तब्दील हो गया है ।इससे राहगीरों व आस पास के लोगों की स्थिति नरकीय हो गई है ।वहीं दो पहिया वाहन तो दूर पैदल आवागमन में भी लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे में जल जमाव होने से सड़क पुरी तरह से कीचड़ में तब्दील है। सड़क की बदहाल स्थिति को देखते हुए पूछताछ के क्रम में स्थानीय ग्रामीण सुजल कुमार राम, प्रवीण मंडल व संजय प्रसाद ने बताया कि मासीपीढ़ी का यह मुख्य मार्ग बरकट्ठा ,बरवां से होते हुए तुईयो ,बेडोकला केंदुआ,तुर्कबाद लोकिया ,जैसे दर्जनों गांवों को जोड़ती है और यह सड़क इतनी जर्जर और कीचड़युक्त है कि लोगों को पैदल चलने में भी मशक्कत झेलनी पड़ रही है ।बताया कि कई पदाधिकारी व जन प्रतिनिधियों की गाड़ी इसी मार्ग से आती जाती हैं ,बावजूद इसके किन्ही की नजर इस बदहाल सड़क पर नहीं पड़ती है।

### भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

## हृदय रोग से बचने के लिए तैलीय खानों से परहेज करें: डॉ कुशवाहा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के स्वास्थ्य जांच शिविर का भव्य आयोजन 8 अक्टूबर को चितरपुर के सोढ स्थित व अजय ग्रीन गणेशा कॉम्पलेक्स के परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन डॉ महेश कुशवाहा एवं भारत विकास परिषद के वरीय पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं भारत माता और स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। रामगढ़ के वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ आलोक रतन चौधरी द्वारा भी स्वास्थ्य शिविर में सार्थक एवं सकारात्मक योगदान किया गया । स्वास्थ्य जांच शिविर में लगभग एक सौ अधिक मरीजों की निःशुल्क जांच की गी । सभी मरीजों का निःशुल्क बीपी एवं शुगर जांच किया गया। पचास से अधिक मरीज का निःशुल्क ईसीजी जांच किया गया। इस अवसर पर रांची के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ महेश कुशवाहा ने मरीजों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर हृदय रोग से बचना है तो जंक फूड से परहेज करना पड़ेगा एवं तैलीय खाने से बचना होगा । इस अवसर पर रामगढ़ के प्रख्यात दंत चिकित्सक डॉ आलोक रतन चौधरी ने कहा कि दातों की नियमित साफ-सफाई रखने से ही दांत के रोगों से छुटकारा मिल सकता है। भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के अध्यक्ष अमित साहू ने कहा की भारत विकास परिषद अपना दायित्व निभाने में हमेशा आगे रहा है और आनेवाले समय में भी भारत विकास परिषद इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए अपने सामाजिक दायित्व को निभाता रहेगा। इस दौरान भारत विकास परिषद के सदस्यों द्वारा डॉ महेश कुशवाहा एवं डॉ आलोक रतन चौधरी का पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## 'सूर्यकुंड उत्सव' मनाने को लेकर बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** ऐतिहासिक व धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड धाम परिसर में रविवार को सूर्यकुंड उत्सव मनाने को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिप प्रतिनिधि सी के पांडेय व संचालन जिला ग्रामीण विकास समिति हजारीबाग के सचिव सुनील कुमार ने की। बैठक में सूर्यकुंड उत्सव को बेहतर तरीके से मानने को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमें निर्णय लिया गया की सूर्यकुण्ड मेला आयोजन से पहले सूर्यकुण्ड उत्सव मनाया जाएगा ।इसकी तिथि की घोषणा जल्द की जायेगी। सुनील कुमार ने बताया कि उत्सव को सफल बनाने में जिला प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से सूरजकुंड उत्सव मनाने मे सहयोग करने अपील की ।कहा कि इसके लिए एक प्रबंधन कमेटी का निर्माण किया जाएगा ।कहा उत्सव में खेसारी लाल यादव समेत झारखंड के कई दिग्गज कलाकार आएंगे और अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। बैठक में परमानंद पांडेय, सुरेश पांडेय, रामकृष्ण पांडेय, पियूष पांडेय, अजीत कुमार पांडेय, श्याम किशोर पांडेय, कुलेश्वर पांडेय, जयराज पासवान, बबलू पासवान, रिंकू पासवान समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### हजारीबाग बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज

**हजारीबाग।** हजारीबाग बार एसोसिएशन में चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो चुकी है. नई कमेटी के गठन को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह भी दिख रहा है. नौ अक्तूबर से चुनावी प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी. 20 अक्तूबर को मतदान होगा. इसमें लगभग 700 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. बार चुनाव में पुराने और दिग्गज अधिवक्ता फिर ताल ठोंकने को तैयार हैं. अधिवक्ताओं की मानें, तो बार के पर्यवेक्षक और चुनाव पदधिकारी को पारदर्शिता दिखानी होगी.

### बरकट्ठा से शौर्य जागरण सह धर्म सभा में हजारों लोग रांची हुए रवाना



**बरकट्ठा।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वधान में रांची में आयोजित शोर्य जागरण सह धर्म सभा में बरकट्ठा से हजारों की संख्या में राम भक्त रांची के लिए रविवार को रवाना हुए। प्रखंड मंत्री संजय यादव ने बताया कि शौर्य यात्रा सह धर्म सभा में भाग लेने के लिए प्रखंड के विभिन्न स्थानों से रामभक्त रांची के लिए रवाना हुए हैं। जहां विशाल धर्म सभा का आयोजन हो रहा है। रांची रवाना से पूर्व राम भक्तों ने शिलाड़ीह काली मंडा में दीप प्रज्वलित कर जय श्री राम,भारत माता की जय आदि जयकारों लगाए। जिसके बाद लोग दो बस से रांची के लिए रवाना हुए। मौके पर सुरेश पांडेय, रिंकू माली, संतोष पांडेय, सत्यम भारती, धीरज गुप्ता, राजकुमार गिरी, शिवलाल यादव, चंद्रशेखर सिंह, नंदलाल मंडल, परमेश्वर राम, संजय लामा, दीपक कुमार, दीपक पांडेय, बाबूलाल पांडेय, सूरज देव प्रजापति,प्रदीप पांडेय, अर्जुन पांडेय, सहदेव पासवान, सुरेंद्र राणा, मुकेश पांडेय के अलावे सैकड़ो लोग शामिल थे।

### बरकट्ठा : असहाय परिवार की मदद के लिए जिप सदस्य कुमकुम देवी ने बढ़ाया हाथ



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में दया बहन के नाम से मशहूर जिप सदस्या कुमकुम देवी असहाय परिवार की मददगार बनी। विदित हो ग्राम गैड़ा निवासी जगदीश रविदास की मां की मृत्यु होने के बाद आर्थिक तंगी के कारण वह काफी परेशान हो गया। गरीब और असहाय होने के कारण उसे कुछ सुझ नहीं रहा था। उसका एक पुत्र भी विकलांग है। गैडा पंचायत के उपमुखिया चन्द्रदीप पाण्डेय ने इसकी सूचना जिप सदस्या कुमकुम देवी को दी तो कुमकुम उनका घर पहुंचकर अनाज और आर्थिक सहयोग करते हुए ढाढस बंधाया। वहीं कुमकुम ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है और इसमें बढ़-चढ़कर लोगों को सहयोग करना चाहिए। इस कार्य को लोगों ने उनकी खुब सराहना की।

### बरही: जीवन कौशल विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**बरही ।** सीबीएसई के निर्देशानुसार डीएवी पब्लिक स्कूल में जीवन कौशल विषय पर आधारित एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि डीएवी पब्लिक स्कूल चतरा के प्राचार्य एस ई अहमद, संसाधक डॉ रणधीर कुमार मिश्रा (माउंट एग माउंट स्कूल हजारीबाग) व राजीव कुमार राज (डीएवी गोड्डा) शामिल हुए. जिसका शुभारंभ उपस्थित अथितियो ने दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने किया. कार्यशाला में डीएवी के शिक्षक बतौर प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए. प्रशिक्षण के दौरान संसाधको ने क्लासरूम मैनेजमेंट, बच्चों के अंदर क्रिटिकल थिंकिंग के साथ स्ट्रेस मैनेजमेंट, प्रोबलम सॉल्विंग जैसे विषयों पर जानकारियां दी. इसके साथ ही जीवन कौशल के औचित्य पर भी प्रकाश डाला. मुख्य अतिथि ने प्राचार्य अहमद ने बताया कि जीवन कौशल सीखने की व्यवस्था शिक्षा का मूल आधार है. प्कार्यशाला सफल बनाने में नरसिंह शर्मा, एसएनटीसी प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, लल्लन यादव, दीपक शरण आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### बरही: प्रशासनिक उदासीनता का खामियाजा भुगत रही है मसोमात सुदामा



**बरही ।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय का कार्य ही निराला है. जो मलकोको की मसोमात सुदामा के बयां से स्पष्ट होता है. बयां के अनुसार पति की मृत्यु के बाद विधवा बेसहारा हो गई. दो वर्ष पूर्व परिजनों ने भी उक्त महिला की संपति पर कब्जा करते हुए घर से निकाल दिया. स्थानीय समाजसेवियों ने उक्त महिला को गांव के ही जर्जर व कंडम विद्यालय भवन में पनाह दिलवाते हुए आवास हेतु प्रखंड कार्यालय को आवेदन दिलवाया. अंचल सह प्रखंड कार्यालय के निरालेपन ने बिना जमीन के ही वित्तीय वर्ष 21-22 में उक्त विधवा को अंबेदकर आवास हेतु पैसा उपलब्ध करवाते हुए किश्त की पहली राशि भी भुगतान कर दिया. मामले को सुर्खियों में आते ही दूसरे किश्त की राशि पर रोक लगाते हुए आवेदक के फरियाद पर जमीन उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई. दो वर्षो के लंबे चक्कर के बाद अंचल कार्यालय ने उक्त भूमिहीन विधवा को मलकोको पंचायत के खाता 50 प्लॉट 250 गैरमजरूआ (परती कदीम) जमीन से दो डिसमिल जमीन अंबेदकर आवास निर्माण हेतु उपलब्ध करवाया.

**हौसला बढ़ाया**

### सिलवार में फ्रेंड्स क्लब नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

## सरजोम बगान ने रेड आर्मी को 1-0 से हराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के सदर प्रखंड स्थित शांति नगर सिलवार में रविवार को फेंड्स क्लब नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ. उद्घाटन मैच रेड आर्मी और सरजोम बागान टीम के बीच खेला गया. इसमें मध्यांतर तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं. मध्यांतर के बाद सरजोम बगान की टीम ने 1-0 से बढ़त बनाकर विजय हासिल की. अब तक इस टूर्नामेंट में 40 टीमों ने भाग लिया है. कार्यक्रम का मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी मुन्ना सिंह उपस्थित हुए. विशिष्ट अतिथि सदर उप प्रमुख गोबिंद सिंह, सदर पूर्वी जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, अतिथि के रूप में सिलवार पंचायत मुखिया रूक्मिणी देवी, सिंदूर मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा मेहता, सिलवार खुर्द पंचायत समिति सदस्य ओम प्रकाश देव, सिलवार कला पंचायत समिति सदस्य बसंत रविदास, जिला परिषद प्रतिनिधि महेंद्र राम बिहारी, मुखिया प्रतिनिधि उमेश प्रसाद आदि शामिल हुए. कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों को कमेटी के सदस्यों की ओर से सम्मानित करके किया गया. उसके बाद सभी अतिथि मैदान में प्रवेश करके बारी-बारी से दोनो टीमों के खिलाड़ियों का परिचय के साथ हौसला बढ़ाया. साथ ही आतिशबाजी भी की गई. मौके पर मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का हौसला आफजाई करते हुए कहा कि खेल से खिलाड़ियों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है. पहले लोग बोलते थे कि खेलोगे कूदोगे तो होगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब. अब इस मुहावरे को खिलाड़ियों ने गलत कर दिया है और खेल के माध्यम से आज लोग जिला, प्रदेश ओर देश का नाम रोशन कर रहे हैं. साथ ही सभी युवाओं कै नशापान से दूर होकर खेल के प्रति जागरूक हो देश का कोहिनूर बनने की बात कही. इस टूनामेंट की आयोजन समिति के अध्यक्ष सुखदेव प्रजापति, उपाध्यक्ष कमलेश रजक, सचिव बसंत रविदास, उप सचिव सुजीत प्रजापति, कोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद, उपकोषाध्यक्ष दीवाना कुमार, संयोजक कौलेश्वर रजक, संजय मेहता, महेंद्र राम प्रजापति, बिरजू कुमार रवि, धनेश्वर रविदास, मुकेश प्रजापति आदि ने सहयोग किया. मौके पर नरेश रजक, ज्ञानी प्रसाद, सोहन रविदास, शमीम मियां, भीम यादव, बैजनाथ रजक, केशन प्रजापति आदि मौजूद थे।

## हमारी मांगों पर सरकार अनदेखी की तो हम आंदोलन को विवश होंगे : प्रदीप



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के 30वें अधिवेशन के दूसरे दिन रविवार को शहर के गणक मैरिज हॉल में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रदीप मुखर्जी ने कहा की केंद्र सरकार से हम मांग करते हैं की वर्ष 2012 से चतुर्थ वर्गीय कर्मियों की जो नियुक्ति प्रक्रिया रूकी हुई है, उस पर ध्यान देकर नियुक्ति प्रक्रिया को आरंभ किया जाए। साथ ही वर्ष 2020 से द्वितीय वर्ग के कर्मचारियों की जो नियुक्ति रोक दी गई है उसे भी आरंभ करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया को आरंभ किया जाए। श्री मुखर्जी ने कहा की सरकार ने बीमा प्रीमियम पर जो 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया है उसे तत्काल वापस ले। उन्होंने कहा एक तरफ सोना पर मात्र 3 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया है, वहीं बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया गया है। जो की पूरी तरह से अनुचित है और सरकार इसपर ध्यान देते हुए इसे समाप्त करने के लिए कदम उठाए। बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ने सरकार से मांग किया कि 01,08,2022 से वेतन पुनरीक्षण का कार्य जो रूका हुआ है, उसको लेकर सरकार वार्ता के लिए पहल करे। ताकि इस समस्या का समुचित समाधान निकल सके। प्रदीप मुखर्जी ने कहा की वर्तमान में दो प्रकार की पेंशन योजनाएं चल रही हैं। पुरानी पेंशन योजना एवं नई पेंशन योजना। कहा की हम पूरी तरह से पुरानी पेंशन योजना का समर्थन करते हैं और उसे लागू करने की मांग करते हैं। लेकिन जबतक पुरानी पेंशन योजना समुचित तरीके से लागू नही हो जाती तबतक नये पेंशन स्कीम में 10 प्रतिशत अनुदान की जगह 14 प्रतिशत अनुदान की अनुशंसा की जाए।

